प्रैस विज्ञप्ति

शिमला 31 जुलाई 2014 :- उच्चतर शिक्षा निदेशालय हिमाचल प्रदेश शिमला-1 में श्री शशि भूषण सेखरी, निदेशक उच्चतर शिक्षा हिमाचल प्रदेश की अध्यक्षता में समस्त उप शिक्षा निदेशक (उच्चतर) की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया । बैठक को सम्बोधित करते हुए निदेशक उच्चतर शिक्षा हिमाचल प्रदेश ने समस्त उप शिक्षा निदेशक (उच्चतर) से समयबद्ध ढंग से विभिन्न कार्य को पूरा करने का आवाहन किया तथा निर्देश दिये कि :-

- जिले में कार्यरत किसी एक अधिकारी को न्यायालयों मामलों हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए जो सभी न्यायालयों मामलों का तुरन्त निपटारा सुनिश्चित करेगा ।
- सभी जिला व राज्य काडर की रिक्त पदों की सूचनाएँ समस्त पाठशालाओं से एकत्र करके सभी वर्गों का स्थापना विवरण सहित 10 दिनों के अन्दर, 31 जुलाई की स्थिति में निदेशालय को प्रेषित करे ।
- पिछले कलेण्डर वर्ष में नियुक्त व पदोन्नत सभी शिक्षकों व गैर शिक्षकों के आंकड़ों को एकत्र करके इस निदेशालय को उपलब्ध करवाया जाये ताकि सभी वर्गों की वारिष्टता सूचियों को संशोधित किया जा सके ।
- सभी ए० सी० पी० (ACP), वेतन निर्धारण, और कनफरमेशन (Confirmation) के मामलों को तुरंत निपटा दें तथा जो मामलें प्रदेश स्तर के हैं उन्हें 10 दिनों के अंदर पूर्ण करके निदेशालय को प्रेषित किया जाये ।
- सभी शिक्षकों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट 30 सितम्बर से पुर्व उप निदेशक कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए तथा एसे सभी विद्यालयों की सूची जिन्होने अभी तक सभी गैर शिक्षकों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट नहीं भेजी हैं या 30 अप्रैल के बाद भेजी हैं, निदेशालय को प्रेषित किया जाये ताकि उनके विरुद्ध उचित कार्यवाही अमल में लाई जा सकें ।
- सभी शिक्षकों व गैर शिक्षकों की सेवा पंजीकाओं को वार्षिक / अर्ध वार्षिक पूर्ण करके सत्यापित करना सुनिश्चित करें तथा इनका PMIS में भी समय -समय पर नवीनीकरण किया जाये तथा इसकी पूर्ण सूचना 10 दिनों के अंदर पूर्ण करके निदेशालय को प्रेषित किया जाये ।
- प्रथम तिमाही में 20% विद्यालयों के नियामित व औचक निरीक्षण की सूची निर्धारित प्रपत्रों सहित निदेशालय को प्रेषित किया जाये तथा निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में पाई गई कमियों या अनियमितताओं को दूर करने के लिये उचित कदम उठाए जायें तथा प्रथम तिमाही में प्रधानाचार्यों व मुख्यध्यापकों द्वारा अपने अधिनस्त विद्यालयों के नियामित निरीक्षण की सूचियाँ भी निदेशालय को भेजी जाएँ ।
- सभी आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा योजना और गैर योजना बजट का संबन्धित कोषधिकारी कार्यालय से पुनर्मेल करके इस निदेशालय को भेजा जाना सुनिश्चित करें तथा

पिछड़ा क्षेत्र उप योजना (BASP) के अन्तर्गत किये गये मासिक व्यय की रिपोर्ट प्रतिमाह निदेशालय को भेजी जाये । प्रत्येक आहरण एवं वितरण अधिकारी से दूसरी तिमाही के लिए प्राप्त बजट माँगो को पूरे जिले की समेकित करके 15 अगस्त तक निदेशालय को भेजा जाए ताकि समय पर बजट आबंटित किया जा सके ।

- विद्यालयों से प्राप्त WRITE OFF cases ,Time Barred के मामलों को एक माह के अंदर निपटाया जाना चाहिए तथा जो मामले उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं उन्हे तुरन्त इस निदेशालय को भेजा जाना चाहिए ।

- विभागीय प्रशासकीय रिपोर्ट छापने के लिये पिछले वित्तीय वर्ष में पदोन्नतियों, नियुक्तियों, निरीक्षण के विवरण सहित पूर्ण स्थापना विवरण निदेशालय को तुरन्त भेजा जाना चाहिए ।

- संख्यात्मक और वित्तीय आंकड़ो को एकत्र करने के लिये निर्धारित प्रपत्र निदेशालय से प्राप्त करके तुरन्त विद्यालयों को उपलब्ध करवाये जायें तथा 30-09-2014 की स्थिति में आंकड़ो को सभी पाठशालाओं से एकत्र किया जाये ।

- सभी छात्रवृति योजनाओं से संबन्धित पूर्ण जानकारियां विद्यालयों को प्रदान की जाएँ जिससे प्रत्येक पात्र विद्यार्थी इस योजना का पूर्ण लाभ उठा सकें । यह सभी जानकारियां विभाग की वैबसाइट **hpepass.cgg.gov.in** पर भी उपलब्ध हैं । वर्ष 2014-15 के लिए सभी पात्र विद्यार्थी केवल आनलाईन आवेदन कर सकते हैं जिसके लिए उपरोक्त साईट अगस्त 2014 से खोल दी जाएगी । सभी विद्यालयों के मुखियाओं को निर्देश दिये जाएँ कि व अपने विद्यालयों के छात्रवृति बोर्ड को नवीनतम छात्रवृति योजनाओं के साथ संशोधित करें जिससे प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को सही जानकारियां मिल सकें ।

इस बैठक में अतिरिक्त शिक्षा निदेशक (प्रशासन) श्री अश्वनी रमेश, संयुक्त निदेशक (कॉलेज) डा0 अमर देव, संयुक्त निदेशक (स्कूल) श्री टी0 एस0 नेगी तथा संयुक्त नियंत्रक (वित व लेखा) श्री बी० के० वर्मा भी उपस्थित थे।

(शशि भूषण सेखरी)
निदेशक उच्चतर शिक्षा
हिमाचल प्रदेश

पृष्ठाकंन स0–शिक्षा–उ0शि0(21)ए0(3) प्रैस विज्ञप्ति– दिनांकः शिमला–171001
प्रतिलिपिः–

1 निदेशक, सूचना एवम् जन सम्पर्क विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला–2।
2 निदेशक, आकाशवाणी/दूरदर्शन केन्द्र शिमला।
3 संम्पादक अमर उजाला, दैनिक भास्कर, दिव्य हिमाचल, पंजाब केसरी, हिन्दुस्तान टाईमज, द ट्रिब्यून, दैनिक जागरण।

निदेशक उच्चतर शिक्षा
हिमाचल प्रदेश